## खबर संक्षेप

### सड़कों पर पशुओं के विचरण पर रोक लगाने एसडीएम ने लिखा पत्र

**कटनी।** एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त और कटनी,रीठी और बडवारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे आम रास्ते पर पशुओं का विचरण पर रोक लगाने एवं उन्हें गौशालाओं या अन्य सुरक्षित आश्रय स्थलों में रखवाने की व्यवस्था करें। ताकि पशुओं के खुले विचरण से संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। एस डी एम ने अपने पत्र में उल्लेखित किया है कि पशुओं के अन्यत्र घुमने-फिरने से एक्सीडेन्ट होने से पशुओं एवं आमजनता को दुर्घटना होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये उक्त पशुओं के रास्ते और सड़कों पर विचरण को रोक लगाते हुये उन्हें पकडकर सुरक्षित शासकीय अथवा प्रायवेट स्थान पर रूकवाने की व्यवस्था की जाय। साथ ही जिन पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं का उचित रख-रखाव न करते हुये पशुओ को अन्यत्र घुमने-फिरने हेतु छोडा जाता है उन्हें चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करायी जाये। यह कार्यवाही प्रत्येक ग्राम स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड स्तर पर संपादित कराने पत्र लिखा गया है।

### योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार 19 जून को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला निगरानी समिति की बैठक 19 को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में सुलभ और समावेशी चुनावी प्रक्रिया के उद्देश्य से जिला निगरानी समिति (डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमिटी ऑन एकसेसिबल इलेक्शन) की बैठक गुरूवार 19 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, आयुक्त नगर पालिक निगम, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, अंशु जैन प्रतिनिधि भगवान महावीर विकलांग एवं पुर्नस्थापना केन्द्र, मनोज कहार प्रतिनिधि साइटसेवर संस्था एवं ब्रजकिशोर पाल अध्यक्ष दिशा दिव्यांग संगठन को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्व-सहायता समूह से जुड़ने से जिंदगी हुई खुशहाल

**कटनी।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की सदस्य अनीता केवट आजीविका संवर्धन गतिविधि से जुड़कर हर माह लगभग 15 हजार रूपये की आय अर्जित कर रहीं हैं। विकासखंड बड़वारा की निवासी अनीता केवट 12वीं तक शिक्षित हैं। अनीता बताती हैं कि उन्नति स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पूर्व आय का मुख्य साधन कृषि ही था। परंपरागत कृषि करने से कई बार उपज बहुत ही कम होती थी। जिससे आर्थिक तंगी हमेशा बनी रहती थी। इसके अलावा आय का कोई और साधन न होने के कारण घर चलाने में काफी संघर्ष करना पड़ता था। स्व-सहायता समूह के बारे में पता करने पर मुझे समूह से मिलने वाली आर्थिक मदद के बारे में जानकारी मिली। समूह से जुड़ने के बाद मैंने 10 हजार का ऋण लेकर किराना दुकान स्थापित की। इस ऋण का भुगतान मैंने किश्त के माध्यम से कर दिया। इसके बाद मैंने पुनरू कृषि कार्य के लिए 25 हजार का ऋण तथा दुकान के विस्तार हेतु 70 हजार ऋण लिया। इस प्रकार मैंने अलग-अलग किश्तों में 1 लाख 5 हजार रूपये का ऋण लिया। इन सभी ऋणों का भुगतान मैंने ब्याज सहित कर दिया है।

### शहर भर में धमाचौकड़ी के चलते बनती है जाम की स्थिति, अस्थायी अतिक्रमण भी पसरा

# सुगम यातायात के लिए प्रयास नाकाफी, ई रिक्शा के लिए रूट सिस्टम पर अमल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर का अराजक यातायात नासूर बन चुका है। आलम यह है कि मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों दिन भर जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। फुटपाथ के अस्थायी अतिक्रमण हटाने में भी संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 8 से 10 फीट की ही रह जाती है। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किये जा रहे है। शहर के अधिकांश अतिक्रमण की जद में हैं। मार्गों में दिन भर जाम लग रहा है।

ई रिक्शा से लेकर चार पहिया वाहन दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था खराब कर दिया है। शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। कागजी प्लान तो बनाये जाते हैं लेकिन उनका नहीं कराया जा रहा जिसका नतीजा हर सड़क में जाम के रुप में सामने आ रहा है।



मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।ई रिक्शा चालकों के लिए रूट सिस्टम बनाया गया था लेकिन धरातल पर वह नजर नहीं आ रहा।

### इस तरह बनाया है रूट सिस्टम

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे। अगर ई-रिक्शा निर्धारित मार्ग से बाहर गया तो चालान होगा। इसके साथ ही निर्धारित रूट पर स्टापेज भी तय किए जाएंगे।



## अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए किया क्षेत्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने दलबल के साथ क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पैदल पेट्रोलिंग की। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से निकले थाना प्रभारी ने बाजार में अवस्थित रूप से खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराया एवं व्यापारियों को अव्यवस्था न फैलाने के लिए जागरूक रहने को कहा।

थाना प्रभारी चौबे ने बताया कि एसपी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने विशेष निर्देश प्रदान किए गए हैं। दिए गए निर्देशों के तहत एएसपी डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसीया के मार्गदर्शन में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में आज माधव नगर बाजार क्षेत्र का जायजा लेने के लिए माधव नगर थाने के स्टाफ को साथ में लेकर पैदल पेट्रोलियम की गई। इस दौरान सुनसान क्षेत्र में अनायास खड़े पाए गए आवारा तत्वों को फटकार लगाते हुए उनसे वहां मौजूद होने का कारण पूछा गया। साथ ही बाजार में भ्रमण करते हुए अवस्थित रूप से खड़े वाहन एवं सड़क पर पहले सामान को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए दुकानदारों को समझाया गया। थाना प्रभारी श्री चौबे ने कहा कि क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के द्वारा क्षेत्र के गुंडे बदमाशों के ऊपर विशेष निगाह रखी जा रही है। सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र का मामला, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस**

## एनएच 30 में तेवरी बायपास के समीप एक प्रौढ़ की लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तेवरी में एक लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि तेवरी बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर एक टपरे के पीछे लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति की खून से सनी लाश पाई गई। प्राथमिक जांच के बाद व्यक्ति की हत्या चाकू से गोद कर एवं पत्थर से कुचलकर किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हत्याकांड को तीन या चार दिन पूर्व अंजाम दिए जाने की आशंका है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।



### नहीं हो सही पहचान

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया की स्थानीय लोगों ने सूचना दी थी कि तेवरी बाईपास ढाबा के समीप एक टपरे के पीछे किसी व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना के आधार पर घटनास्थल में पहुंची पुलिस ने टपरे के पीछे से लगभग 40 से 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे 14 जून से 17 जून के बीच उक्त अज्ञात व्यक्ति की पत्थर से कुचल कर और चाकू से मारपीट करते हुए हत्या की गई हो। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की हत्या के मामले में धारा 103 (1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा की घटनास्थल का निरीक्षण करने एवं प्रथम दृष्टया जो तथ्य सामने आए उसके आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान होने के बाद आगे ही कार्यवाही की जाएगी।

### श्रमिक की मौत पर हंगामा, शव रखकर किया प्रदर्शन



औद्योगिक नगरी कैमोर के एसीसी अडानी प्लांट तहत चल रहे एक निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार को एक 45 वर्षीय श्रमिक राम बहोरी दाहिया की तबियत अचानक खराब हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयराघवगढ़ ले जाने पर चिकित्सको द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। श्रमिक राम बहोरी दाहिया की मौत हार्ट अटैक से होने की बात कम्पनी के अधिकारियों द्वारा कही जा रही। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर भी यही बता रहे पर श्रमिक के परिजन इसे मानने को तैयार नहीं। बुधवार सुबह से ही इस मामले को लेकर गहमा गहमी का माहौल रहा। मृतक मैहर के किसी गांव का रहने वाला था। आज वहां से भी भारी संख्या में ग्रामीण आ गए। श्रमिक का शव एसीसी गेट पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। परिजनों द्वारा 5 लाख रुपये मुआवजा,,पेंशन और आश्रित को नौकरी की मांग की जा रही। मौके पर एसडीएम और एसडीओपी सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## निगम सम्मिलन सम्पन्न, सदन में सर्वसम्मति से निगम बजट अंगीकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरपालिक निगम कटनी का 19.05.2025 का स्थगित सम्मिलन निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया,बैठक प्रारंभ होने पर सदन में निर्धारित एजेंडो पर विस्तुत चर्चा प्रारंभ की गई । प्रस्ताव क्रमांक 2 बजट पर चर्चा प्रारंभ की गई विस्तृत चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से बजट अंगीकार किया गया।



आयोजित बैठक में ट्रेड लायसेंस हेतु निर्धारित वार्षिक शुल्क राशि में संशोधन/बृद्वि एवं कर योग्य सम्पत्ति मूल्य व समेकित कर तथा उपभोक्ता प्रभार की दरों में वृद्धि के संबंध में चर्चा उपरांत पूर्ण जानकारी के साथ आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक के दौरान पार्षद नामावली के अनुसार सुश्री शुसीला कोल द्वारा प्रथमबार आसंधी पर बैठकर परिषद संचालन की अध्यक्षता की कार्यवाही की गई । सुश्री शुसीला कोल द्वारा आसंधी ग्रहण करनें पर सदन के सदस्यों द्वारा उन्हे शुभकामनाएं दी गई । अंत में ननि कर्मचारी श्रीमती कुसुम सोंधिया एवं प्लेन दुर्घटना में यात्रियों के निधन होने पर श्रद्धांजली दी गई ।

**कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के लिए जारी की समसामयिक सलाह**

## किसानों को दी सलाह, डीएपी की जगह एनपीके मिश्रित खाद का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसान भाईयों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद के उपयोग के संबंध में सलाह दी गई है। किसानों को बताया गया है कि वर्तमान में डीएपी उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से अधिक हो रहा है, जिससे जमीन की उर्वरा क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। क्योंकि किसानों द्वारा निरंतर अत्यधिक मात्रा में डीएपी उर्वरक का उपयोग किया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध के कृषि वैज्ञानिक डा आर पी बेन ने बताया कि डीएपी उर्वरक में फास्फोरस तत्व अधिक मात्रा में होने से फास्फोरस एक ही स्थान पर जमीन में पड़ा रहता है और फसल के पौधे इस तत्व का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं।



जमीन में फास्फोरस अधिक मात्रा में संग्रहित होने के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसलिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसानों द्वारा एनपीके उर्वरक का उपयोग करना अच्छा उपाय है। इससे फसलों का उत्पादन अधिक होने के कारण जमीन भी खराब नहीं होगी। एनपीके के उर्वरक में सभी तत्व समान मात्रा में होने और फसल की आवश्यकतानुसार मात्रा में होने के कारण फसल इसका संपूर्ण उपयोग कर लेती है और जमीन में अतिरिक्त तत्वों का संग्रहण भी नहीं होता। साथ ही फसल की उत्पादकता भी अच्छी होती है।

किसान भाइयों द्वारा फसल की उर्वरक पूर्ति के दृष्टिगत डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया उर्वरक का उपयोग किया जा सकता है।

### सरकार द्वारा प्रतिबंधित किये जाने के बाद भी बेधड़क हो रही खपत

# जिम्मेदारों की अनदेखी से बेरोकटोक बिक रही अमानक पालीथिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिंगल यूज प्लास्टिक पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बाद भी जिले भर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्रशासन द्वारा बीच-बीच में कभी कभार दुकानदारों पर कार्यवाही कर अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है।

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। जागरूकता के अभाव और अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री हो रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक व पालीथिन के हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है।

धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर इसे जन जागरूकता अभियान के द्वारा प्रतिबंध को लागू करने तथा इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूर्ण रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक दंड को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

पालीथिन जितना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हैं, मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह होती है। खाने पीने की बची हुई सामग्री पालीथिन में भरकर फेक देने से मवेशी उसे खा लेते हैं । मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्धि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है। कैडमियम के कारण उल्टियां आने लगती है।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मवेशियों को चरने के लिये छोड़ा जाता है गाय, बैल, सड़क किनारे सब्जी मंडी, दुकानों के आसपास व अन्य जगहो पर पड़ी पालीथिन को खा लेने से असमय ही मौत को दावत देते है। इस बारे में वेटनरी डाक्टरो का कहना है कि पालीथिन जानवरो के लिये बेहद घातक है। इसको खाने से जानवरों की मौत तक हो जाती है। कई बार ऐसे केस आते है जब गाय, बकरी के पेट से बड़ी मात्रा में पालीथिन पाई गई। आदमी खुद पालीथिन का प्रयोग करके पशुओं को बेमौत मार रहे है।



## 50 लाख से होगा लैब का निर्माण, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (सेंट्रल लैब) का निर्माण होगा। 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने भूमिपूजन किया।बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद ने बताया कि सेंट्रल लैब का निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी।

इस मौके पर जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, कालूराम चौरसिया, सरपंच अटल ब्यौहार, राजेश ब्यौहार, संतोष दुबे,जयप्रकाश चौरसिया, जितेन्द्र अरोरा, संदीप सोनी, अंकित झारिया,प्रमोद असाटी, मुन्नू गौतम,जगन्नाथ मांझी, कोमल गोस्वामी,तातू चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की आज

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार 19 जून को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारियों की लंबित पेंशन प्रकरणों, 31 मई तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की अद्यतन स्थिति, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित स्वत्वों, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, लंबित पदोन्नति, क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान, भविष्य निधि खाते से आहरण संबंधी जानकारी, डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका, सामान्य भविष्य निधि पासबुक और डी.पी.एफ. पासबुक का संधारण, अंशदायी पेन्शन योजना 2005 के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य मामलों की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## विश्राम बाबा वार्ड की विभिन्न गलियों में दौड़ी फागिंग मशीन



**कटनी।** नगर के विभिन्न वार्डो में मच्छर जनित बीमारियों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान हेतु कैलेंडर निर्धारित किया जाकर निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार 17 जून को विश्राम बाबा वार्ड क्रमांक 44 में वार्ड पार्षद की जानकारी एवं दरोगा की मौजूदगी में ई रिक्शा में फागिंग मशीन रखकर विभिन्न गलियों में रासायनिक धुएं का छिड़काव कार्य किया गया। फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि विश्राम बाबा वार्ड की सुधार न्यास कॉलोनी की विभिन्न गलियों, यादव मोहल्ला, हाउसिंग बोर्ड कॉलानी, टावर गली लाइन, ज्वाला मंदिर मार्ग, कुम्हार मोहल्ला सहित वार्ड की अन्य गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जाकर नागरिकों को मच्छरों से प्रकोप से निजात दिलानें की कार्यवाही की गई।

## राजस्व विभाग के कर्मचारियों के जिला स्तरीय ट्रांसफर

**कटनी।** जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के परिप्रेक्ष्य में जिले में कार्यालयीन एवं प्रशासकीय कार्य व्यवस्था एवं जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग में पदस्थ तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों के स्थानांतरण करते हुए नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार एसडीएम कार्यालय कटनी में पदस्थ (मूल पदस्थापना जिला कार्यालय) राजाराम साहू, सहायक ग्रेड 3 की नवीन पदस्थापना एसडीएम कार्यालय विजयराघवगढ़ में की गई है। जबकि एसडीएम कार्यालय विजयराघवगढ़ में पदस्थ लखन लाल केवट की नवीन पदस्थापना एसडीएम कार्यालय कटनी में की गई है। इसी प्रकार तहसील कार्यालय बरही में पदस्थ अनिल कुमार रजक, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय बहोरीबंद में, तहसील बहोरीबंद में पदस्थ अवधेश प्यासी, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कटनी में एवं तहसील कार्यालय बरही में पदस्थ अशोक विश्वकर्मा, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कटनी की गई है। वहीं तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा में पदस्थ अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड 3 की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय बहोरीबंद में की गई है।

### बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति से पनपते हैं डेंगू एवं मलेरिया के मच्छर

# बरसात : खेती किसानी के लिए अमृत तो लोगों को बीमारियों की भी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरसात का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर भी पहुंचता है। बारिश के कारण जगह जगह जल जमाव हो जाता है। आबादी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति एवं जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं। यदि साफ पानी का जमाव है तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। बरसात के साथ कई गंभीर बीमारियां भी दस्तक देती है। इन बीमारियों की रोकथाम के तमाम प्रयास के बावजूद लोग बीमार पड़ते हैं। बरसात के मौसम में खासतौर पर डेंगू व चिकनगुनिया जैसी बीमारिया खतरनाक साबित होती है। शासकीय अस्पताल हो या निजी सभी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

**बच्चों का रखें विशेष ध्यान**

बारिश के मौसम में वायरल बुखार का भी प्रकोप बढ़ जाता है। चूंकि बच्चों की रोग



प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से बच्चे इसके ज्यादा शिकार बन जाते हैं। बारिश में लगातार भीगने के कारण कई बच्चों को निमोनिया भी हो जाता है। सांस लेने में परेशानी होने लगती है। ऐसा होने पर डाक्टरों से तुरंत सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों को बारिश से बचाना बहुत जरूरी होता है।

### उबालकर उपयोग करें पानी

चिकित्सकों का कहना है कि दूषित खानपान एवं पेयजल से बचना चाहिए। दूषित पानी का सेवन डायरिया का कारण बन सकता है। चिकित्सकों के अनुसार कुएं के पानी को हमेशा उबालकर ही पीना चाहिए। इसी तरह नदी और डैम के पानी को भी उबालकर पीना चाहिए।

### ऐसे फैलता है डेंगू

-डेंगू के सबसे ज्यादा मामले बरसात के मौसम में देखने में आते हैं।
-डेंगू फैलानेवाले मच्छर दिन में काटते हैं। ये ज्यादातर घुटनों के नीचे काटते हैं।
-डेंगू मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं।
-कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को डेंगू आसानी से हो जाता है।

ये रखें सावधानियां
-घर के अंदर और आस-पड़ोस में पानी जमा न होने दें।
-पानी के बर्तन को खुला न रखें।
-किचेन और वाशरूम को सूखा रखें।
-कूलर का पानी सुबह-शाम बदलते रहें।
-खिड़कियों और दरवाजों में जाली लगवाएं।
-शरीर को पूरी तरह से ढंकनेवाले कपड़े पहनें।
-सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें।
-घर के आसपास मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव करवाएं।

### डेंगू के लक्षण

- डेंगू के लक्षण लगभग 3 से 14 दिन बाद दिखते हैं।
- तेज ठंड लगकर बुखार आता है।
- सिर और आंखों में दर्द होता है।
- शरीर और जोड़ों में दर्द में होता है।
- भूख कम लगना, जी मचलाना, उल्टी और दस्त होना।
- चमड़ी के नीचे लाल धब्बे आने शुरु हो जाते हैं।
- मरीज को सिर दर्द रहता है।
- मांसपेशियों में तेज दर्द होने लगता है
- ब्लड प्रेशर, रक्त चाप घटता-बढ़ता है। इससे शिथिलता और कमजोरी महसूस होने लगती है।

### मलेरिया के लक्षण

चिकित्सकों के बताए अनुसार मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो परजीवी रोगाणु की वजह से होती है। ये रोगाणु इतने छोटे होते हैं कि हम इन्हें देख नहीं सकते। मलेरिया से ग्रसित मरीज को बुखार, कंपकंपी, पसीना आना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, जी मचलना। समय पर सही इलाज न कराने पर इसके मरीज की जान पर खतरा भी बन जाता है।

# बचैया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में गुरुवार 19 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में गुरूवार 19 जून को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

*जिला से लेकर पंचायत स्तर तक होंगे सामूहिक योग के कार्यक्रम*

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर होगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी संबंधित विभागों को योग दिवस पर आयोजन संबंधित तैयारियां करने निर्देशित किया है।

जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है इसे देखते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें।

ज्ञात हो कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप सयुंक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीमष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योगष ( योगा फॉर वन अर्थ, वन नेशन) निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सबन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तर और विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आई टी आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग सस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

संपूर्ण प्रदेश में निम्नानुसार पल-प्रतिपल समय-सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तय समय सारिणी के अनुसार सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुबह 6.30 बजे से 6.40 तथा विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण 6.40 बजे से 7 बजे तक होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक किया जायेगा।

नगर निगम, तहसील, विकासखण्ड, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में एक प्रमुख स्थान पर वृहद आयोजन किये जाये। ऐसे छात्र या शासकीय सेवक जो सामूहिक योग के कार्यक्रम में भाग नहीं ले पा रहे हैं, वे अपनी शिक्षण संस्थाओं एवं कार्यालयों में ही योग कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकेंगे।

## प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाल जताया विरोध, दी चेतावनी



सपा नेता डा. ए के खान ने नागरिकों के साथ सांकेतिक रूप से जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन के आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण हो रही समस्याओं के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। यह विरोध प्रदर्शन सरकारी जमीन पर कब्जा करने के साथ राजस्व की चोरी के सम्बन्ध मे आयोजित रहा। डॉ खान ने बताया कि पूंजी पतियों के द्वारा हाउसिंग बोर्ड की सरकारी जमीन जो लगभग साढ़े 3 एकड़ की है उस पर बाउंड्री बाल बनाकर कब्जा कर लिया गया है, वही सरकारी रोड़ पर दीवाल बना कर जाम कर दिया गया हैं सारे जल स्रोतों को बंद कर दिया गया है। डॉ. ए.के.खान ने एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंप वैधानिक कार्रवाई की मांग की हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर नगर निगम जल्द ही उचित कार्यवाही नहीं करता है, तो वे नगर निगम का घेराव कर उग्र आंदोलन करेंगे।

# स्वच्छता बनाये रखने सहित जलभराव की समस्या दूर करने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो को साफ एवं स्वच्छ रखकर नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दो शिफ्ट में मुख्य एवं अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों एवं नाले-नालियों की सफाई कार्य उपरांत कचरे के उठाव का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर विभिन्न गलियों को भी साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास जारी है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से विगत रात्रि रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से बरगवां ओवर ब्रिज मे चांडक चौक से बरगवां तक मार्ग की सफाई कराई गई। वहीं स्वच्छता दूतों के माध्यम से बस स्टैंड के संपूर्ण परिसर सहित रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, घंटाघर सहित अन्य मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य किया गया। वहीं दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो, डिवाइडर, सेल्फी प्वाइंट बाजार क्षेत्रों आदि की सफाई उपरांत कचरे का उठाव कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

आगामी वर्षा ऋतु के दौरान नगर के मार्ग में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने हेतु अभियान चलाकर की जाने वाली नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत बुधवार को माधव नगर स्थित सेवन इलेवन रेस्टोरेंट के बाजू स्थित बडे नाले की सफाई हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता दूतों के माध्यम से नाले में लगी खरपतवार एवं सिल्ट की तल्ली से सफाई की जाकर सुगम जल निकासी के प्रयास किये गए। वहीं नई बस्ती, राष्ट्रीय स्कूल के सामने स्थित नाले, रघुनाथ गंज वार्ड ओव्हर ब्रिज के पास की नालियों, आधार काप कटनी पब्लिक स्कूल के पास, बारडोली कॉलेज के सामने स्थित नाले, भट्टा मोहल्ला पानी की टंकी के सामने एवं संतोष बंशकार के घर के सामने से शमशान भूमि गेट तक, नेहरू वार्ड सीवर लाइन, वार्ड क्रमांक 9 स्थित हरिजन बस्ती के नाले, पाठक वार्ड सहित अन्य वार्डों के नालों की सफाई की गई।

*जल संरचनाओं का निर्माण एवं संरक्षण के लिए चल रहा अभियान*

# भू जल स्तर में वृद्धि करने एवं पानी को व्यर्थ बहने से रोकने बनाया रिचार्ज पिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले भर में जल संरचनाओं का निर्माण, संरक्षण व संवर्धन एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

### जलस्तर में होगी वृद्धि

इसी क्रम में जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बांधा के ग्राम ललितपुर में मनरेगा योजना के तहत 25 हजार रूपये की लागत से सार्वजनिक कूप रिचार्ज पिट स्वीकृत किया गया है। इस रिचार्ज पिट के निर्माण से ग्राम ललितपुर के सार्वजनिक कूप के जलस्तर में वृद्धि होगी।





रिचार्ज पिट में बारिश के पानी को इकट्ठा किया जाता है। इस पानी को फिल्टर करके धीरे-धीरे जमीन के अंदर रिसने दिया जाता है। यह प्रक्रिया भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मदद करती है, जिससे कुएं, बोरवेल और हैंडपंप जैसे जल स्रोत सूखते नहीं हैं और उनमें पानी की उपलब्धता बनी रहती है।

रिचार्ज पिट बनाने के लिए ऐसी जगह चुनें जहाँ बारिश का पानी इकट्ठा होता हो और जहाँ की मिट्टी पानी को रिसने दे। खेत के कोने या घर के पास की खुली जगह उपयुक्त हो सकती है। रिचार्ज पिट बनाने के लिए आमतौर पर 10Û10Û10 फीट (लंबाई, चौड़ाई, गहराई) का गड्ढा खोदा जाता है। गड्ढे में विभिन्न प्रकार की सामग्री की परतें बिछाई जाती हैं। जैसे सबसे नीचे बजरी या बड़े पत्थर की मोटी परत। उसके ऊपर छोटे पत्थर या गिट्टी की परत। फिर मोटी रेत की परत। कुछ जगहों पर जियोटेक्सटाइल का भी उपयोग किया जाता है ताकि महीन कण नीचे न जा पाएं।

### 22 से 55 हजार का खर्च

रिचार्ज पिट बनाने का खर्चा उसके आकार, गहराई, इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और जगह पर निर्भर करता है। आमतौर पर एक मानक रिचार्ज पिट बनाने में लगभग 22 हजार से 55 हजार रूपये तक का खर्च आ सकता है। मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं के तहत भी इसका निर्माण किया जाता है, जिससे लागत कम हो सकती है।

### सुरक्षा एवं आवश्यक बचाव हेतु निगमायुक्त नें चिन्हित किये राहत शिविर स्थल

# बाढ़ आपदा में राहत के लिए 10 दल प्रभारी सहित कर्मचारियों का दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानसून 2025 के दौरान बाढ़ संभावित स्थिति से निपटने तथा जान-माल की क्षति को कम करने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा अतिवृष्टि अथा बाढ़ की स्थिति में जल निकासी एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक बचाव, राहत कार्य एवं प्रबंध किये जानें हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने निचली बस्तियों क्षेत्र हेतु राहत शिविरों का चिन्हांकन करते हुए राहत दल का गठन किया है। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार नगर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु 27 राहत शिविर चिन्हित किये जाकर 10 दल प्रभारी नियुक्त कर गठित दलों में कुल 48 कर्मचारियों को संलग्न किया गया है।

### जलभराव क्षेत्र एवं राहत शिविर

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार जलभराव क्षेत्र गाटरघाट





आजाद चौक सागर पुलिया हेतु धन्ती बाई स्कूल भवन एवं शेर चौक पुरवार कन्या शाला को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया जाकर दल प्रभारी सुनील सिंह प्रभारी सहायक यंत्री के साथ पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं मोहन घाट मसुरहा घाट आदर्श कॉलोनी हेतु नदी पार शाला भवन एवं सामुदायिक भवन जालपा देवी वार्ड में राहत शिविर बनाया गया है। जबकि राम मनोहर लोहिया वार्ड नदीपार, कुशवाहा नगर, सूर्या होटल के पास एवं आधारकाप क्षेत्र हेतु राहत शिविर रैन बसेरा बस स्टेंड, कुठला सामुदायिक भवन, शासकीय शाला भवन कुठला एवं पुरैनी को बनाया गया है।

इसी प्रकार जल भराव वाले संभावित क्षेत्र गांधी गंज जयप्रकाश वार्ड हेतु कनकने स्कूल घंटाघर एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल को राहत शिविर बनाया गया है। वहीं गिरजा घाट क्षेत्र, आधारकाप एवं चक्कीघाट हेतु सरस्वती शाला नई कटनी एवं सिंधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में राहत शिविर बनाया गया है। इसी प्रकार अंबेडकर व वार्ड बाबा घाट हेतु पुरवार शासकीय भवन गणेश चौक, छात्र संग्राम परिषद शाला एवं सामुदायिक भवन एन.के.जे को, शहडोल रोड खिरहनी क्षेत्र हेतु निषाद स्कूल शाला भवन एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला खिरहनी मे राहत शिविर बनाया गया है। जबकि छपरवाह, मंगल नगर पुलिया, लखेरा, सिमरार नदी पुलिया एवं एन.के.जे क्षेत्र के लिए सामुदायिक भवन मंगल नगर, शासकीय स्कूल छपरवाह एवं एन.के.जे स्कूल में राहत शिविर बनाया गया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जलभराव वाले संभावित क्षेत्र माधवनगर सहित झिंझरी संपूर्ण क्षेत्र, दुगाडी नाला, पी.डब्लयू.डी कालोनी के पास एवं अर्जुन पैलेस के पीछे के क्षेत्र के लिए माधवनगर उप कार्यालय, रॉबर्ट लाईन स्कूल भवन एवं कैरिन लाईन स्कूल भवन को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया गया है। जबकि कटाये घाट क्षेत्र, अमकुही, दुगाडी पुलिया, हाउसिंग बोर्ड बस्ती, इंदिरा ज्योति कॉलोनी, आस्था प्लाजा, के आसपास राजू गुप्ता के घर के पास एवं बजरंग नगर कॉलोनी हेतु शासकीय शाला भवन झिंझरी, सामुदायिक भवन सुधार न्यास एवं कुम्हार मोहल्ला सहित सरस्वती स्कूल संजय नगर में राहत शिविर बनाये गए है।

### रिजर्व क्षेत्र

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अतिवृष्टि के दौरान आवश्यक बचाव, राहत कार्य एवं प्रबंध किये जाने हेतु रिजर्व क्षेत्र के रूप में नगर निगम कम्युनिटी हॉल, ए.रविन्द्र राव गुलाबचंद शाला भवन, मंगल नगर शासकीय शाला भवन, साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला, सहित विभिन्न वार्डों में स्थित सामुदायिक भवन को चिन्हित किया जाकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

## खेल पुरस्कार के लिए आवेदन

**कटनी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल पुरस्कार 2025 के तहत एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025 की अवधि में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित साहसिक खेलों में भी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

खबर संक्षेप

## वैष्णव माता विधि महाविद्यालय का बी.कॉम. तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित


**पन्ना।** महाराजा छत्रशाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा गत 17 जून को बी.कॉम. तृतीय वर्ष का मार्च 2025 में आयोजित हुई परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें वैष्णव माता विधि महाविद्यालय की बी.कॉम. की छात्रा आंशी यादव ने 900 पूर्णांक में से 591 प्राप्त करते हुए 65.6 प्रतिशत व छात्र शुभम वर्मा ने 900 में से 619 प्राप्त करते हुए 68.70 प्रतिशत हांसिल किए हैं। दोनों छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसी प्रकार मेहनत से निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। वहीं प्राचार्य अविनाश पाण्डेय भी छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। छात्राओं के बेहतर परीक्षा परिणाम पर सहायक प्राध्यापक राजकुमार सेन, पंकज पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भरत सिंगरौल, नरेन्द्र अहिरवार, अरविन्द शुक्ला, रानी यादव, श्रीमती नितिका डनायक, शिभा सिंह सोलंकी, साधना साहू, ऋचा तिवारी, अमित पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, अतुल पाण्डेय, नेहा सेन, सविता, रोशनी, रेखा, गीता ने बधाई प्रेषित की है।

## विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** जिला दमोह के पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी तेंदूखेड़ा, पथरिया हटा एवं सीएसपी दमोह द्वारा थानों का औचक निरीक्षण किया गया । पुलिस महानिदेशक महोदय मध्य प्रदेश द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को थानों का निरीक्षण करने हेतु आदेशित किये जाने पर निर्देशों के परिपालन में दिनॉक 15 जून 2025 को रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे के बीच जिला दमोह के पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एएसपी संदीप मिश्रा, एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया द्वारा जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक 01,02 द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों को चैक किया कि थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं, सीसीटीवी चालू है कि नहीं। एसपी ,एएसपी द्वारा लंबित सी.एम. हैल्प लाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र संतुष्टीपूर्ण निकाल करने हेतु निर्देशित भी किया गया। इसी प्रकार अनुभाग गश्त के दौरान एसडीओपी तेंदूखेड़ा, एसडीओपी पथरिया एवं एसडीओपी हटा, सीएसपी दमोह द्वारा क्रमशः थाना जबेरा , मगरोन , हटा एवं कोतवाली का भी निरीक्षण किया गया।

# अघोषित कटौती से लोगों का जीना मुहाल हल्की बारिश और हवा में ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



दिन हो या रात बार-बार बिजली की अघोषित कटौती में लोगों को परेशान कर रखा है। लोग ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं और ऊपर से उमस भरी गर्मी के कारण हालत और भी खराब होती जा रही है। हल्की बारिश और जरा सी हवा चलने पर नगर में बिजली बंद हो जाती है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात नगर में पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात 9:30 बजे से 12:30 तक पूरे शहर में ब्लैक आउट रहा जिससे गर्मी से परेशान लोग बच्चों के साथ सड़कों पर घूमते दिखे। नगर में इन दिनों बिजली की बड़ी समस्या उभर कर सामने आ रही है। बिजली विभाग की लापरवाही और आक्रमन्यता सर चढ़कर बोल रही है। नगर में बिजली के आने और जाने का यह खेल दिन के 24 घंटे चलता रहता है। इसको लेकर जहां एक और स्थानीय रहवासी परेशान है, तो वहीं दूसरी ओर बिजली से अपनी आजीविका जुटा रहे लोगों को खासी परेशानी हो रही है। स्थानीय बिजली विभाग का निकम्मापन और भ्रष्टाचार को लेकर अब आमजन खासे खफा हो रहे हैं। दरअसल हटा नगर में इन दोनों सबसे बड़ी समस्या बिजली का आना और जाना है यहां पर दिन के 24 घंटे में से लगभग 48 दफा बिजली आना और जाना कर रही है स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारी अपने फोन को इस दौरान बंद कर देते हैं जिससे आम जनता को वास्तविक हालात जानने में खासी असुविधा होती है बिजली विभाग का यह निकम्मापन अब स्थानीय व्यापारियों और जनता पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। बिजली विभाग के द्वारा बीते माह में मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए का फर्जी बिल आहरण किए जाने की खबर है जबकि जमीनी तौर पर इस मामले में कुछ होता नहीं दिख रहा है। बिजली के इस तरह आने और जाने से गर्मी के इन दिनों में लोगों के हाल बेहाल हो चुके हैं। बिजली विभाग के इन निकम्मे और लापरवाह अधिकारियों की शिकायत करने के लिए आम जनता के पास उचित मंच नहीं है। जिसका फायदा स्थानीय बिजली अधिकारी उठा रहे हैं। बिजली विभाग में मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए का बिलों का आहरण कर लिया गया लेकिन थोड़ी सी ही बारिश होने पर बिजली का गुल हो जाना एक बड़ी लापरवाही और संगठित भ्रष्टाचार की बात कह रहा है। जिला कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों से इस संदर्भ में नगर की आम जनता ने बिजली विभाग के इन निकम्मे और भ्रष्टाचारी अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की अपील की है। फिलहाल नगर के जागरूक युवा सोशल मीडिया पर बनाए गए ग्रुपों पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं

# सिंग्रामपुर में होम स्टेट कार्यक्रम का सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंग्रामपुर में होमस्टेट कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम में टूरिज्म को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।- होमस्टेट कार्यक्रम मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के अंतर्गत ग्राम में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।सिंग्रामपुर में 10 होमस्टेट बनकर तैयार होने हैं, जिनमें से दो होमस्टेट का उद्घाटन किया गया है- मुख्यमंत्री ने होमस्टेट मालिक राजेश राय से सीधे संवाद किया और उन्हें बधाई दी।कार्यक्रममें संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के पिता भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार सोनम पांडे, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे। सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों में रूपेश सेन अजय राय गोलू साहू मुलायम चंद्र जैन रमेश राय अजय सोनकर राकेश सिंह ठाकुर चंद्र मोहन शर्मा कल्याण रामेश्वर पटेल सहित क्षेत्रवासी ग्राम वासियों की उपस्थित रही। बता दें होमस्टेट कार्यक्रम के तहत ग्राम में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए और अधिक होमस्टेट बनाए जाएंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और ग्राम का विकास होगा। होमस्टेट कार्यक्रम मध्य प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## अमानगंज पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**अमानगंज।** पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अवैध जुआ खेलने वाले , अवैध शराब विक्रय करने वाले, अवैध मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु चला जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक पन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना, एसडीओपी महोदय गुनौर के के निर्देशन/ मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में दिनांक-18.06.2025 को विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर चौडा तिगैला जूडी तपे रोड महेबा में पुलिस बल द्वारा संदेही इमरत चौधरी पिता बोरा चौधरी निवासी महेबा को घेरा बंदी कर पकडकर हिरासत में विधिवत कार्यवाही करते हुये तलाशी ली गई जो संदेही के पास से अवैध 01 किलो 680 ग्राम सूखा गांजा लिये मिला जिसे मौके पर आरोपी इमरत चौधरी पिता बौरा चौधरी उम्र 48 साल निवासी महेबा से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया वक्त वापसी पर अपराध क्र. 376/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी उपरोक्त को माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया है।

# नौगांव में प्रजापति समाज के युवक के हत्यारों को गिरफ्तार करने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

छतरपुर जिले की नौगांव तहसील के बिलहरी गांव में राशन दुकान के सेल्समैन व उनके दबंग साथियों द्वारा पंकज प्रजापति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके विरोध में दमोह जिले के आक्रोशित प्रजापति समाज के लोगों ने सड़क पर रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर हत्यारों को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि विगत 8 जून को नौगांव तहसील के बिलहरी गांव में मृतक पंकज प्रजापति शासकीय राशन दुकान पर अपने परिवार का राशन लेने गया था जहां सेल्समैन द्वारा तीन माह का राशन देने से मना करने पर विवाद हो गया जिससे सेल्समैन व मौके पर मौजूद उसके दबंग साथियों द्वारा पंकज की गोली मारकर हत्या कर दी थी वही घटना उपरांत 6 घंटे बाद की पुलिस द्वारा एफआईआर नहीं की गई जिससे आम जनमानस को आंदोलन करना पड़ा। लेकिन घटना के 10 दिन बाद भी पुलिस द्वारा हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया जिससे प्रदेश सहित दमोह जिले के प्रजापति समाज में आक्रोश व्याप्त है जिसको लेकर बुधवार को दमोह में सर्व प्रजापति बर्दिया समाज द्वारा सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर सड़क पर रैली निकालकर हथियारों को फांसी दो के नारे लगाकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर की समक्ष अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मृतक परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता राशि एवं परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा प्रदान करने सहित हथियारों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राजेंद्र बर्दिया, नरेंद्र बर्दिया, मूलचंद प्रजापति, सुनील प्रजापति, हरलाल वेद्य, उमाशंकर प्रजापति, गनेश प्रजापति, पटेरा से अध्यक्ष बद्री प्रजापति, भूपेंद्र प्रजापति, हटा से माधव प्रजापति, घनश्याम प्रजापति, रामगोपाल मडियादो, बटियागढ़ से पवन, मुकेश, भगवानदास प्रजापति राजकुमार प्रजापति, गनपत गुड्डा माते फुटेरा, रामेश्वर फुटेरा, दमोह से दीपक बर्दिया, कमलेश प्रजापति, रमेश प्रजापति बांदकपुर, जित्तू बर्दिया आमखेड़ा, रतिराम प्रजापति खेजरा, पथरिया अध्यक्ष लखनलाल प्रजापति सहित जिले से आये सैकड़ो स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही।

# हाजियों का गृह वापिसी पर शानदार इस्तकबाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

हज़ बैतुल्लाह शरीफ से वापिसी होने पर हाजी जनाब रफीक खान मासाब व उनकी अहलिया साजदा बी का गृह हिण्डोरिया वापसी पर गाजे बाजे, आतिशबाजी, गुलपोशी के साथ शानदार इस्तेमाल किया गया। सबसे पहले सुबह 09 बजे हाजी हजरात के इस्तकबाल लिए नगर के सैकड़ों अकीदतमंद हजरात बांदकपुर स्टेशन पर एकत्रित हुये। यहां कामायनी एक्सप्रेस से उतरने पर सभी हजरात ने गले मिलकर, दस्तबोशी व गुलपोशी के साथ यादगार इस्तकबाल किया। हज बैतुल्लाह के कामयाब सफर से लौटने पर हाजी जनाब रफीक खान मासाब ने कहा कि अल्लाह सबके लिए हज़ बैतुल्लाह जाने की तौफीक अता फरमाए । उन्होंने आगे कहा कि अल्लाह के करम से हम व मेरी शरीकेहयात साजदा बी ने हज बैतुल्लाह शरीफ के सभी जरूरी अरकानों को पूरा किया। इस दौरान अपनी बस्ती, अपने देश व दुनिया के इंसानो की अइक जहति, खुशहाली , तरक्की, कामयाबी व सेहतयाबी की दुआ मांगी। इसके बाद हाजी हजरात का स्टेशन बांदकपुर से हिण्डोरिया पहुंचने पर रास्ते भर इस्तकबाल किया गया। हिण्डोरिया पहुँचने इस्तबालिया जुलूस खानकाह नूरी फरीदी व हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्ला अलैय के मजार ए अकबर पर पहुँचा। जहाँ फातेहा का आयोजन किया गया। हाजी हजरत के इस्तकवालिया प्रोग्राम में सभी वर्गों के सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

## नगर मंडल में शक्ति केंद्रों पर हुई संकल्प मुहल्ला चौपाल



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के निमित्त दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल दमोह के शक्ति केंद्र क्रमांक -2 में (बजरिया वार्ड नं 1,2 एवं 3) , शक्ति केंद्र क्रमांक 7 में ₹मुहल्ला चौपाल₹ कार्यक्रम संपन्न हुआ , जिसमें विकसित भारत 2047 का संकल्प पत्र का वाचन कर शपथ दिलाई गई। शक्ति केंद्र कमांक 2 में मुख्य वक्ता जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय , उपाध्यक्ष देवल कटारया, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष गायत्री वंसल, सद्दाम खान , जावेद खान , रामकुमार, आकाश सप्रे, नीलकमल पारोचे एवं शक्ति केंद्र क्रमांक 7 में मुख्य वक्ता प्रमोद विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, नगर महामंत्री महेंद्र अहिरवार उपाध्यक्ष राधा सोनी, करन सूर्यवंशी संजय उपाध्याय मुकेश नामदेव अजय कछवाह सुनील राज शशिकांत भारती रेखा रानी समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

## नवनियुक्त शिक्षक संघ संभागीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**जबेरा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष प्रवेंद्र जैन को नियुक्त किए जाने पर बुधवार को शिक्षक संघ कार्यालय में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील शाखा जबेरा के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद शर्मा, अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, डीएन सोनकुसरे, सुशील जैन आदि द्वारा तहसील शाखा जबेरा की ओर से नव नियुक्त मध्य प्रदेश शिक्षक संभागीय अध्यक्ष प्रवेंद्र जैन का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान तहसील शाखा जबेरा के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद शर्मा ने नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि हमारे जिले से संभागीय अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं जिसका लाभ जिले की कार्यकारिणी को मिलेगा और हम सभी कामना करते हैं कि आने वाले समय में आप प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त होकर जिले को गौरवान्वित करें।



# अग्रवाल समाज दमोह की वृहद बैठक, 8 जुलाई को होंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अग्रवाल समाज दमोह की एक बैठक का आयोजन श्री राधा बहू मंदिर महाराजा अग्रसेन मंदिर फुटेरा वार्ड दो में आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष पद सहित विभिन्न पदों के चुनाव की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई पिछले वर्षों में अग्रवाल समाज में सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत कर लिया जाता था जिसके द्वारा पूरी कार्यकारिणी बनाई जाती थी लेकिन इस बार सभी की सहमति से समाज के चुनाव करने की बात पर सहमति बनी जिसमें पांच पदों पर चुनाव किया जाना है इस चुनाव में सबसे बड़ी खास बात यह है कि कोई भी पद के लिए चुनाव नहीं होगा बल्कि विभिन्न पदों के लिए एक साथ चुनाव होंगे जिसमें ना कोई हारेगा ना कोई जीतेगा। मीटिंग में मुख्य रूप से अतुल अग्रवाल विकास अग्रवाल ओमप्रकाश अग्रवाल जीवनलाल अग्रवाल राजबहादुर अग्रवाल महेश प्रसाद अग्रवाल अनिल अग्रवाल पवन अग्रवाल द्वारका प्रसाद अग्रवाल भगवान दास अग्रवाल दिलीप अग्रवाल रमेश अग्रवाल राजेश अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल राकेश अग्रवाल मदन अग्रवाल गुरु दत्त अग्रवाल राकेश गुलाब साइकिल अखलेश अग्रवाल अनिल अग्रवाल के सी अग्रवाल किशोरी अग्रवाल दीपक अग्रवाल छुट्टु संदीप अग्रवाल दीपक अग्रवाल रम्मा अंकित अग्रवाल प्रथमेश अग्रवाल अनिमेष अग्रवाल विजय अग्रवाल रवि शंकर अग्रवाल केदारनाथ अग्रवाल डॉ अशोक अग्रवाल सहित समाज के लोगों की उपस्थिति रही चुनाव में खड़े होने के लिए फार्म 20 जून 2025 से मिलेंगे जो की 30 जून 2025 तक जमा कर सकेंगे चुनाव में खड़े होने के लिए उम्र सीमा 45 वर्ष से अधिक है।

# श्री मुनिसुव्रत तीर्थ पर जैन मिलन ने किया सामूहिक पूजन अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के तत्वावधान में तीर्थ रक्षा वर्ष के पावन अवसर पर नव निर्मित श्री 1008 मुनिसुब्रत तीर्थ पर जिनेन्द्र देव का सामूहिक पूजन-अभिषेक एवं भगवान विमलनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक का महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य जिनेन्द्र देव की सामूहिक पूजा द्वारा धर्म संघ की एकता, भावनात्मक ऊर्जा और तीर्थों की महत्ता को उजागर करना। जैन शास्त्रों के अनुसार, सामूहिक रूप से किए गए जिनेन्द्र पूजन से वातावरण में सात्विकता, आत्मबल, और समर्पण की भावना जागृत होती है। सपरिवार पूजन का विशेष महत्व इस आयोजन में वीर बंधुओं ने अपने परिवार सहित भाग लिया, जो दर्शाता है कि जैन समाज धार्मिक परंपराओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने में सतत संलग्न है। परिवार सहित पूजन करने से सद्गुणों का बीजारोपण बच्चों में होता है और धर्म एक जीवित परंपरा के रूप में विकसित होता है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा प्रत्येक दो माह में इस प्रकार तीर्थ वंदना एवं सामूहिक पूजन का आयोजन किया जाता है, जो समाज में धर्म के प्रति लगन, संगठन और समर्पण को दृढ़ करता है। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. जैन साहब, श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के महामंत्री पदम जैन 'खली', एवं श्री देव पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर (खुनके सिंघई वाला) के उपाध्यक्ष अखिलेश जैन का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। आयोजन का मंगल निर्देशन पंडितजी अभीषेक भैया द्वारा किया गया। प्रकाश जैन कांट्रेक्टर, संदीप जैन मडला, महेंद्र जैन फोटोग्राफर,अतुल गांगरा,आशीष शाह की भी उपस्थिति रही। पूजन में अनेक जैन मिलन वीर बंधु सपरिवार उपस्थित रहे, जिनमें दिलेश चौधरी, सचिंद्र जैन, राकेश जैन पलंदी,मुकेश जैन, संजीव जैन , सुनील जैन, सुधीर जैन, राकेश जैन, महेन्द्र जैन , महेश जैन, प्रमोद जैन, विकल्प जैन, अरुण जैन, जिनेन्द्र जैन , विनय जैन, सबन जैन, शैलेन्द्र मयूर, संजय सराफ, अरुण प्रधान, राजकुमार जैन, सौरभ जैन महेंद्रा, अवध जैन, विवेक डबुलय, संदीप जैन अभाना, संतोष जैन, संदीप जैन सचिव अविनाशी सहित अनेक नाम शामिल रहे। बांसा समाज से पधारे जैन मिलन के सदस्यों सुरेश जैन सरपंच, हेमचंद्र जैन,डा पवन जैन, मुकेश जैन मेडीकल,विनय सिंघई, आलोक सिंघई,आदि द्वारा सभी वीर बंधुओं का सम्मान किया गया। यह आयोजन जैन समाज के धार्मिक सामूहिकता, संस्कार परंपरा, तीर्थ संरक्षण और भविष्य को संस्कारित करने के पवित्र संकल्प का एक उज्ज्वल प्रतीक बनकर सामने आया।

## 24 जून को पॉलीटेक्निक में युवा संगम रोजगार मेला

**दमोह।** जिले में हर महीने जिला प्रशासन युवा संगम कार्यक्रम आयोजित करता हैं, जो युवाओं के रोजगार के लिए फोकस होता है, पिछले महीने 27 और 28 मई को युवा संगम आयोजित किया था, यह आयोजन बहुत सफल रहा था। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा इस आयोजन में दमोह जिले के 2266 युवाओ को ऑफर लेटर कंपनियों के द्वारा प्रदान किए गए थे। इसी कड़ी में अगला युवा संगम 24 जून को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में सुबह 10 से शाम को 06 बजे तक होने जा रहा है। इस बार निजी क्षेत्र की 1500 से अधिक वेकेंसी है और इसमें आयु सीमा 18 से 35 साल तक है, शैक्षणिक योग्यता 12 वीं और स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिये। इसमें कंपनियों ने योग्यता के अनुसार प्रारंभिक वेतन ऑफर 12,000 रूपये से 21,000 रूपये तक युवाओ को निर्धारित किया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा विशेष रूप से बताना चाहूंगा कि युवतियों के लिए विशेष अवसर है, जो युवतियां नौकरी करना चाहती है, अपने पैरों पर खड़े होना चाहती है, उनके लिए निजी क्षेत्र में बम्पर नौकरी आ रही है। कंपनियॉ 18,000 से लेकर 27,000 रूपये प्रति माह प्रारंभिक वेतन दे रही है। कलेक्टर ने युवाओं से आग्रह किया है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में 24 जून को सुबह 10 बजे से शाम को 06 बजे तक युवा संगम रोजगार मेला लग रहा है, इसमें युवा और युवती अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। पंजीयन के लिए क्यूआर कोड और लिंक भी जारी की जा रही हैं। क्यूआर कोड पर आप अपना पंजीयन कराइए और मेले में भाग लीजिए। अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनने और रोजगार पाने की ओर कदम बढ़ाइये।

### दादागुरू के 1705 दिन निराहार होने पर जरारूधाम में 1705 पौधों का हुआ रोपण

# यहां पेड़ नहीं लगाया, हमने स्वयं परात्मा की जीवंत मूर्ति को स्थापित किया -दादागुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दादा गुरू जी के निराहार 1705 वें दिन जरारूधाम में स्वागत वंदन किया। दादागुरू ने जरारूधाम में वृक्षों एवं भगवान शंकर का पूजन किया। गौ-अभ्यारण जरारूधाम में नर्मदाखंड सेवा संस्थान ने आज दादागुरू के निराहार 1705 दिन होने पर 1705 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटैल, विधायक बण्डा वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी, नर्मदाखंड सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटैल, प्रीति राजू कमल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा आदि सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

पौधों का पूजन करते हुये दादा गुरू ने कहा जिस प्रकार मठ की शोभा मूर्ति से होती है, वैसे ही हमारे ग्राम, नगर की जीवंतता पेड़-पौधो से है, जैसे मठ में मूर्ति की स्थापना की और पत्थर में हमने भगवान, ईश्वर और परात्मा को पाया, अब वक्त आ गया है, अब पेड़-पौधो में भी भगवान को देखना शुरू कर दो तब ही यह संरक्षित हो पायेगा, तब ही यह सार्थक हो पायेगा। यह पेड़ नही लगाया हमने स्वयं परात्मा की जीवंत मूर्ति को स्थापित किया है।

मां नर्मदा के भक्त दादा गुरू ने कहा जरारूधाम को हम सिद्व क्षेत्र और आदि तीर्थ भी हम कह सकते है, जरारूधाम गौ अभ्यारण्य मतलब शक्तियों का प्रत्यक्ष रूप जैसे कि रामचरित्र मानस के सुंदरकांड में जरारू का बहुत अच्छा सूत्र है, जो ईश्वर की शक्ति की सगुण उपासना इसी प्रकार जरारूधाम में शक्ति सगुण है, हमने शक्तियों को प्रत्यक्ष पाया है, जरारूधाम में जल के रूप में भी शक्ति है, यदि कोई वृक्ष की पूजा या प्रणाम भी कर रहा है, तो वह ईश्वर की शक्ति की सगुण उपासना कर रहा है, जरारूधाम तीर्थक्षेत्र में चाहे गौ के रूप में हो या चाहे देवगंगा के रूप में हो यहॉ दो शक्तियॉ प्रत्यक्ष रूप में मिल जायेगी विचरण करते हुए हम इस माटी को भी मॉ के रूप में देखते है, यह माटी, धरा साधारण नही है, यह देवधरा और देवभूमि भी कह सकते है, यहॉ पर आने का और सेवा करने का सौभागय मिल जाये तो समझ लेना सहस्त्र कोटि का यज्ञ हो गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा एक सुखद संयोग है, मॉ नर्मदा के अनन्य भक्त दादा गुरू को माँ नर्मदा के जल पर 1700 दिन पूरे हो गए, कल 1705 दिन होंगे, उस उपलक्ष्य में स्वयं दादा गुरु दमोह के जरारू धाम पधारे और हम सभी जितने भी जरारूधाम के सहयोगी हैं, उसमें मीडियाजन भी शामिल हैं। दादा गुरु के दर्शन हुये, ऐसी दिव्यमूर्ति जो लगभग 5 साल से मॉ नर्मदा के जल पर है और जितना वह तेजी से चलते हैं, जरारूधाम पुण्यभूमि का तप है, इस दौरान यहॉ आये।

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा जरारूधाम में प्रतिवर्ष तीन बार वृक्षारोपण होते है, 28 जून, 17 सितंबर और स्थापना दिवस पर हम यहाँ वृक्षारोपण करते है। लेकिन इस बार निमित्त है दादागुरु के 1705 दिन जल पर हुए हैं, शायद इतिहास में कभी कोई ऐसी प्रतिमूर्ति अभी तक ज्ञात नहीं है, जब उनके 1700 दिन पूर्ण हुए। आज 1705 पौधों का रोपण हो रहा है, यह स्मृति वन दादा गुरु के तप को समर्पित है, जरारुधाम की तपस्थली में तपस्वी पधारे और उनकी स्मृति में हम सब शामिल है, सभी ने पौधों का रोपण किया है, पिछली बार हमने 10,000 पौधे लगाये थे और कहा था कि 3 साल बाद जिसका मन करें गिन सकता है, आज के दिन 1705 पौधे दादा गुरु की तपस्या की स्मृति में उनको समर्पित है।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मैं जब यहाँ नीचे आया तो मुझे लगा कि जरारूधाम तो बिल्कुल बदल गया। हम लोग पहले भी आया करते थे तो पेड़ के नाम पर कुछ भी नहीं था सिर्फ पत्थर ही पत्थर थे और आज सघन जंगल दिख रहा है, यह प्रहलाद पटेल जी की सोच और यहाँ के लोगों का समर्पण का परिणाम है, पिछले साल भी हम लोगों ने बहुत सारे पौधे लगाए थे जो बहुत अच्छी स्थिति में हैं और आज जो 1705 पौधे लगाए जा रहे हैं, यह भी आने वाले 2- 3 साल में जंगल में तब्दील हो जायेगे तो सारे फलदार पौधे हैं तो निश्चित रूप से यहाँ लोगों को लाभ मिलेगा।

बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदर ने कहा बहुत अच्छा काम हो रहा है, इससे अच्छा काम दूसरा हो नहीं सकता, प्रकृति और पर्यावरण के हिसाब से एक ऐसे संत की याद में जो आज हमारे बीच में पहुँच रहे हैं, दादा गुरु जो निरंतर 1705 दिन से सिर्फ जल पर निर्भर है, तो उनकी स्मृति में 1705 पौधे जरारूधाम में रोपित किये जायेगे, मंत्री प्रहलाद पटेल के सहयोग से जरारूधाम एक

अद्भुत धाम बनकर के तैयार हो गया है, हम लोग भी प्रयास करते हैं कि जरारूधाम यादगार स्थान बन जाए जिससे कि आगे आने वाली पीढ़ी भी याद करें कि जरारूधाम एक विशाल अभ्यारण है, जैसा कि हम देख रहे हैं छायादार वृक्ष के अलावा फलदार वृक्ष जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को फल भी मिलेंगे और छाया भी मिलेगी तो एक बार पुनः मंत्री प्रहलाद पटेल को धन्यवाद करता हूँ, दादा गुरु को प्रणाम करता हूँ।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल गौरव पटैल ने यह तपोस्थली और भी पवित्र हो गई है, आप सभी ने पहले देखा होगा की यहाँ सिर्फ पत्थर ही पत्थर दिखते थे, लेकिन आज यहाँ चारों तरफ हरियाली है। नर्मदाखंड सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज ने भी अपनी बात कही। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, पंचायत प्रतिनिधि, महिलाए एवं बच्चे, अधिकारी-कर्मचारीगण, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जबलपुर हाई कोर्ट में स्थाई कर्मियों की याचिका पर सुनवाई

**दमोह।** मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने बताया कि वन विभाग के 81 स्थाई कर्मी हाई कोर्ट गए थे और अवमानना याचिका पर नोटिस जारी हुआ है। इस मामले में अगली सुनवाई 30 जून 2025 को होगी। नोटिस जारी होने से अधिकारियों में हड़कंप- नोटिस जारी होने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। अब देखना यह है कि 30 जून को होने वाली सुनवाई में क्या निर्णय लिया जाता है। स्थाई कर्मियों को उम्मीद है कि इस सुनवाई से उनके मामले में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। लंबित नोटिस प्रस्ताव पर होगी चर्चा- सुनवाई के दौरान लंबित नोटिस प्रस्ताव पर चर्चा और निर्णय होगा। स्थाई कर्मियों के भविष्य का फैसला इस सुनवाई पर निर्भर करता है। मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ दमोह जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने बताया कि स्थाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया है और अब उन्हें न्यायपालिका से उम्मीद है। स्थाई कर्मियों को न्याय मिलने की उम्मीद- स्थाई कर्मियों को उम्मीद है कि हाई कोर्ट से उन्हें न्याय मिलेगा। अब देखना यह है कि 30 जून को होने वाली सुनवाई में क्या निर्णय लिया जाता है और स्थाई कर्मियों के भविष्य का क्या फैसला होता है।

### 11 वाहनों पर चालानी कार्यवाही

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गये निर्देशों के तहत परिवहन विभाग एवं पुलिस यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इस सबंध में यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया कृषि उपज मंडी में देहात क्षेत्रों से आए ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम लगाए गए। इसी प्रकार परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया बटियागढ़ नेशनल हाईवे पर वाहन चैंकिग की गई। इस दौरान 01 डम्पर ओवरलोड, बस चैंकिग कर 11 वाहनों के 22000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

## संत दादा गुरू जी ने भगवान जागेश्वरनाथ का किया पूजन



**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं माँ नर्मदा के परम भक्त दादा गुरू जी पौधरोपण कार्यक्रम उपरांत बादकंपुर पहुँचे। उन्होंने भगवान जागेश्वरनाथ का पूजन अर्चन कर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, श्रृद्धालुगण मौजूद रहे।

## रेस्टहाउस के खानसामा ने फांसी लगाकर दी जान

**तेजगढ़।** तेजगढ रेस्टहाउस में पदस्थ खानसामा रामरतन कोरी पिता मोहन कोरी 57 ने रेस्ट हाउस के पीछे बने सरकारी घर में जिसमें वह रहता था उसी घर में सुबह लगभग 10 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार रामरतन को लगभग तीन माह पहले लकवा लग गया था एवं उसे शुगर की बीमारी थी जिससे परेशान था। प्रथम दृष्टियां बताया जा रहा है कि लकवा व शुगर से परेशान होकर आत्म हत्या की है। तेंजगढ पुलिसने ने मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है।

## स्मार्ट मीटर से मिल रहे हैं 10 बड़े फायदे

**दमोह।** भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिनसे उपभोक्ताओं को कई प्रकार के लाभ मिल रहे हैं। उपभोक्ता अब अपनी बिजली खपत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रतिदिन प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर की सहायता से बिजली बिल की त्रुटियों में सुधार, समय पर जानकारी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। स्मार्ट मीटर से होने वाले कई फायदे हैं। उपभोक्ता परिसर में होने वाली बिजली खपत और रीडिंग की रोज़ाना जानकारी मिलती है। वर्तमान या पिछले 12 महीनों की बिजली खपत का चार्ट उपभोक्ता देख सकते हैं। लाए गए लोड का मासिक विवरण भी उपभोक्ताओं को उपलब्ध होता है। रीडिंग में होने वाली मानवीय चूक से छुटकारा मिलता है। बिजली बिल सुधार के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। बिजली खपत, लोड, चार्ज आदि की सटीक जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध होती है। औसत बिल की समस्या से तत्काल राहत मिलती है। बंद या खराब मीटर की जानकारी तत्काल मिलती है। मध्यप्रदेश के इंदौर, रतलाम सहित कई जिलों में पाँच लाख से अधिक स्मार्ट मीटर सफलतापूर्वक लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर से जुड़े लाभों की जानकारी के लिए विद्युत वितरण कंपनी से संपर्क किया जा सकता है। संपर्कः स्मार्ट मीटर से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए उपभोक्ता 1912 पर कॉल कर सकते हैं। यह पहल बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उपभोक्ता संतुष्टि को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## जिले में पुलिस विभाग की तबादला सूची जारी

**दमोह।** तबादलों के दौर में पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले के समस्त थानों में लम्बे समय से पदस्थ सहायक उप निरीक्षक प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों के तबादले जिले के अन्य थानों में किए गए हैं जिसमें एसपी ने जिले की सूची में हटा पुलिस थाने में पदस्थ तीन सहायक उप निरीक्षक 10 प्रधान आरक्षक एवं 10 आरक्षकों के तबादला किए गए है। इसमें एसपी द्वारा जारी आदेश में सउनि० सुन्दर लाल अहिरवार हटा से जबेरा, सउनि. नागेन्द्र सिंह परिहार नोहटा, सउनि. रामकुमार सिंह ठाकुर हटा से रजपुरा किया गया वहीं प्रधान आरक्षक जमीर अहमद हटा से दमोह कोतवाली, प्रआर० राजेंद्र अहिरवार कोतवाली, प्रधान आरक्षक महेन्द्र रैकवार हटा का दमोह कोतवाली, पवन पटेल हटा से गैसाबाद, प्रआर०जितेंद्र लड़िया हटा से गैसाबाद, प्रआर०पूरन लाल अठ्या दमोह देहात, प्रआर० अखिलेश तिवारी हटा से दमोह देहात भेजा गया वहीं आरक्षकों की सूची में गौरव मिश्रा का हटा से दमोह कोतवाली, आरक्षक अमन चढ़ार गैसाबाद, सचिन हजारी पथरिया, आरक्षक अजय नायक मगरोन, आरक्षकविमलेश गौड मडियादो आरक्षक धरमदेव पटैल महिला थाना दमोह, आरक्षक देवी सिंह ठाकुर अरक्षित केन्द्र दमोह,देवेन्द्र सिंह अठ्या रनेह, आरक्षक खूबसिंग कुर्मी हटा से रनेह आरक्षक मनीष कुमार पटैल का हटा से रनेह थाना में तबादला किया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय ने गाइडलाइन जारी कर ऐसे पुलिसकर्मियों के तबादले के निर्देश दिए थे, जो एक साथ या टुकड़ों में 5 वर्ष तक एक ही थाने और 10 वर्ष तक एक ही अनुभाग में तैनात रहे हैं।

## भू माफियों की साजिशः साध्वी की कुटी तोड़ने के बाद अब मंदिर तोड़ने की कोशिश



**तेंदूखेड़ा।** दमोह जिले में 45 वर्ष पुराने मंदिर को तोड़ने की साजिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि भूमाफियों ने तहसीलदार और वन विभाग से मिलकर मंदिर को तोड़ने की योजना बनाई है। इससे पहले मंदिर के पास बने कच्चे कमरे की कुटी तोड़ दी गई और 4 एकड़ भूमि में लगे सागौन के पेड़ों को जेसीबी से उखाड़ दिया गया। पेड़ों को नाले के पास मिट्टी में दबा दिया गया है। साध्वी उमादेवी उर्फ गौरा बाई लोधी ने वन विभाग और राजस्व विभाग पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उन्होंने सवाल उठाया है कि वन भूमि का मामला होने के बावजूद राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। यह मामला दमोह जिले के झापन, घाट ब्यारमा नदी के तट पर चार दशक से अधिक पुराना भगवान शिव एवं हनुमान जी मंदिर का है,जहा पर इनके द्वारा वहा पूजा अर्चना अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं।साध्वी ने बताया है कि कल रात गाव वालो ने इस चार एकड़ जमीन पर जेसीबी चलाई है और मेरे कमरे तोड़ दिए हैं गोर करने वाली वात है कि इस जगह से करीब150 मीटर दूर झापन रेंज के कार्यलय है और सामने ही रानी दुर्गावती अभयारण्य की चेक पोस्ट है जहाँ दोनो जगह स्टाफ हमेशा रहता है ओर स्टाफ की मौजूदगी में वन भूमि में रात को बगेर अनुमति के जेसीबी चलाई जा रही थी और वन विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही या पूछ ताश नही कीगई जबकि नियमानुसार किसी भी सूरत में वन भूमि पर जेसीबी नही चल सकती है।इससे सिद्ध होता है कि उक्त मन्दिर विवाद।के वन विभाग की भी मौन सहमति है।

साध्वी उमा देवी उर्फ गौरा बाई ने कहा धार्मिक और संस्कृत महत्व वाले मंदिर को तोड़ने जाने की साजिश की जा रही है क्योंकि तहसील एवम वन विभाग में निचले स्तर के कर्मचारियों के द्वारा खुद का निवास बना कर रहने की योजना है। झापन रेंज के रेंजर सतीश डहेरिया ने बताया है कि जाच जारी है और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

## गोवंश को गुड़ के लड्डू खिलाकर एसडीएम ने मनाया जन्मदिवस

**तेन्दूखेड़ा।** सोमवार को नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला तेंदूखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम सौरभ गंधर्व ने अपना जन्मदिन गौशाला में उपस्थित गोवंश को गुड़ के लड्डु खिलाकर मनाया। श्री गंधर्व मैं गौशाला में गोवंश के स्वास्थ्य एवं उनके रखरखाव की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गौशाला के लिए हमसे जो भी व्यवस्थाएं और जो भी हमसे सहयोग होगा वह हम करेंगे। इसके अलावा उन्होंने अनेक प्रकार की सुझाव दिए । इस अवसर पर तहसीलदार विवेक व्यास, गौशाला अध्यक्ष संजय कुमार जैन पारसमणी, महामंत्री अमर चंद जैन, उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन, ऑडिटर राजेंद्र जैन, दिगम्बर सतेंद्रजैन, गुड्डू बम्बई, मोंटू मोदी, आयुष पांडे, अंकित जैन, मुकेश जैन, सुनील सराफ, रतन चंद, जिनशासन के समस्त सदस्य गौशाला कमेटी समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



## कुंडलपुर रूकमणी मठ पहुंचे दादा गुरु जी



**दमोह ।** मां नर्मदा के परम भक्त दादा गुरु जी तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार दोपहर लगभग 3 बजे कुंडलपुर स्थित प्रसिद्ध माता रुक्मणी मठ पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रुक्मणी के दर्शन किए। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान मंत्री श्री पटेल ने दादा गुरु जी को माता रुक्मणी के सबंध में जानकारी दी। उन्होंने मठ में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की भी जानकारी दी।

## हिंदू महासंघ प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**दमोह।** भारतीय हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एल एल सोनी, उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्षज एवं प्रदेश महासचिव का दमोह आगमन हुआ जहाँ भारतीय हिंदू महासंघ दमोह अध्यक्ष उदित सोनी ने अपने साथियों साथ दमोह बायपास पर भव्य स्वागत किया गया उसके बाद सभी लक्षमण कुटी धाम में दर्शन किए और सभी कार्यकर्ताओं से भेंट की। जिसमें जिला अध्यक्ष उदित सोनी , प्रदेश संगठन मंत्री डॉ सीताराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष जागेश राठौर, अंकित सोनी, राकेश विश्वकर्मा गुड्डू विश्वकर्मा प्रहलाद आशु विक्रम जितेन्द्र आकाश यादव मनोज विवेक ललित रितीश एवं पूरी टीम उपस्थित रही।

# अतिक्रमण और बेतरतीब वाहन पार्किंग से सकरी हो गई सडक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में दिनोंदिन बिगड़ती जा रही यातायात व्यवस्था के कारण हर कोई परेशान है। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा स्थिति बैंकों के सामने खराब है, जहां पर हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। यहां पर लोग बेतरतीब वाहन रखकर चले जाते हैं, जिससे राहगीरों को दिक्कत हो रही है। स्थिति यह है कि सुबह 60 फीट की दिखने वाली सडक दोपहर तक बीस फीट बचती है। दरअसल लोग जल्दबाजी दिखाते हुए अभी भी जहां-तहां वाहन पार्क कर रहे हैं। सबसे ज्यादा खराब स्थिति बैंकों के सामने होती है, जहां पर लोग बैंक के सामने अपनी वाहन लगाते है दिनोंदिन नगर में वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों को नगर में वाहन चलाने में परेशानी तो होती है, लेकिन ठीक दूसरी तरफ सड़कों पर वाहनों को खड़ा करने से स्थिति और भी ज्यादा खराब हो जाती है। यहां पर सुबह 60 फीट की सड़क महज बीस फीट की बचती है। बैंकों के पास नहीं स्वयं की पार्किंग व्यवस्था नगर में खुली भारतीय स्टेट बैंक ,सेंट्रल बैंक ,मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, किसी भी बैंक के पास स्वयं की पार्किंग नहीं है। सभी बैंको में आने वाले उपभोक्ताओं के लिए सड़क पर ही वाहन खड़े करने पड़ते हैं। जबकि नियमानुसार बैंकों बिल्डिंग का उपयोग होने पर इन उपक्रमों के पास खुद की पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है। नगर में नहीं है नगर परिषद की पार्किंग नगर में कहीं भी नगर परिषद की पार्किंग नहीं है, जिससे लोगों को मजबूरी में सड़क पर वाहन पार्क करने पड़ते हैं, बैंकों में आने वाले लोगों के वाहन सड़क तक पहुंच जाते हैं।

**हिदायत देकर करेंगे कार्रवाई :** स्टाफ की कमी है मंडी में खाद गोदाम में पुलिस लगी है जैसे ही फ्री होते हैं सड़क पर बेतरतीब वाहन रखने वालों को पहले हिदायत देगें उसके बाद भी लोग यदि नहीं मानेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**नितेश जैन प्रभारी थाना तेंदूखेड़ा**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनके साहु पिता मोहन साहु वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन 934/1 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन के 934/1 वार्ड क्रमांक 01 श्री रामकुमार कुर्मी पिता श्री गोरेलाल कुर्मी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 18/06/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**